विधान परिषद् के द्वितीय सत्र-2023 के प्रथम गुरूवार हेतु निर्धारित श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-16 का उत्तर।

---

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 16(क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेगें कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत बी0सी0 जी0 टेक्नीशियन का 2 वर्षीय डिप्लोमा पूर्ण कर चुके डिप्लोमाधारियों की बी0सी0जी0 टेक्नीशियन के रिक्त पदों पर नियुक्ति किये जाने विषयक आपको सम्बोधित अशोक कुमार रावत, सांसद, मिश्रिख उ0प्र0 का पत्र दिनांक-06.05.2023 प्राप्त हुआ है? | जी हाँ। |
| (ख) यदि हाँ, तो बी0सी0जी0 टेक्नीशियनों के वर्तमान में कुल कितने पद स्वीकृत तथा रिक्त हैं? | बी0सी0जी0 टेक्नीशियन के कुल 291 पद स्वीकृत है, जिसके सापेक्ष 245 पद रिक्त हैं। |
| (ग) क्या उक्त डिप्लोमाधारियों की बी0सी0जी0 टेक्नीशियन के रिक्त पदों पर नियुक्ति कर दी गयी है? | जी नहीं। |
| (घ) यदि नहीं, तो उक्त पदो पर नियुक्ति कब तक करायेगें? | प्रकरण में महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ0प्र0 को शासन के पत्र दिनांक 06.08.2023 द्वारा पद समाप्ति के प्रस्ताव पर पुनर्परीक्षण कर औचित्यपूर्ण प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये है। |

**ब्रजेश पाठक**

उप मुख्यमंत्री ।